प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 12.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

..............

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ऑटोमोबाईल रिटेल सेक्टर को विकसित राजस्थान का महत्वपूर्ण घटक बताया–वाहन और सारथी पोर्टल की 53 सेवायें ऑनलाईन हुई।
- देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य–कल साढे 51 लाख से ज्यादा सिलेंडर वितरित किए गए।
- जयपुर में राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला 17 अप्रैल से–देश के विभिन्न राज्यों के मसाले और अन्य खाद्य उत्पाद उपलब्ध होंगे।
- प्रदेश में गर्मी का असर बढने लगा–अधिकतर स्थानों पर पारे में 2 से 5 डिग्री का उछाल आया।

....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ऑटोमोबाईल रिटेल सेक्टर को विकसित राजस्थान का महत्वपूर्ण घटक बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार इस क्षेत्र से जुडे हितधारकों को बुनियादी सुविधाएं और आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवा रही है। मुख्यमंत्री कल जयपुर में फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाईल डीलर्स एसोसिएशन–फाडा की ओर से आयोजित व्यापार राजस्थान 2026 कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि राज्य में ऑटोमोबाईल क्षेत्र को बढावा देने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय किये है। वाहन डीलरों द्वारा वाहन के पंजीयन से संबंधित सारी कार्यवाही ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से पूरी तरह पेपर लैस कर दी गई है। श्री शर्मा ने बताया कि वाहन और सारथी पोर्टल पर उपलब्ध 58 में से 53 सेवायें ऑनलाईन उपलब्ध करवायी जा रही है।

................

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने पुरानी कारों के लिए भी नीति बनायी है जिससे पुरानी कारों के बाजार को सुव्यवस्थित करने और उपभोक्ताओं को धोखाधडी से बचने में मदद मिलेगी। साथ ही अतिरिक्त राजस्व भी मिलेगा।

................

केन्द्र सरकार ने डीजल पर निर्यात शुल्क साढ़े 21 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर साढ़े 55 रुपये प्रति लीटर कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने जानकारी दी कि विमानन टर्बाइन ईंधन पर भी शुल्क साढ़े 29 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 42 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। वहीं, पेट्रोल पर निर्यात शुल्क शून्य रहेगा।

....................

केन्द्र सरकार ने दोहराया है कि देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। कल साढे 51 लाख से ज्यादा सिलेंडर वितरित किए गए। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए देशभर में कार्रवाई के तहत कल तीन हजार चार सौ से ज्यादा छापे मारे गए। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कम्पनियों ने 214 एलपीजी वितरकों पर जुर्माना लगाया है और 55 वितरकों के लाइसेंस निलंबित कर दिये हैं। 23 मार्च से अब तक छात्रों और प्रवासी मजदूरों को पांच किलोग्राम के 12 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडरों बिक्री की गई है। उर्वरक संयंत्रों को कुल गैस आवंटन में 5 प्रतिशत की और बढोतरी की जा रही है। मार्च से अब तक लगभग चार लाख पंद्रह हजार पीएनजी कनेक्शन चालू किये गये हैं। करीब चार लाख 55 हजार अतिरिक्त ग्राहकों ने नए कनेक्शनों के लिए पंजीकरण कराया है। उधर, समूचे खाड़ी क्षेत्र में भारतीय दूतावास भारतीय समुदाय के लोगों के साथ लगातार संपर्क में हैं। 28 फरवरी से अब तक पश्चिम एशिया से लगभग 8 लाख 71 हजार भारतीय वापस आये हैं।

................

देश भर में राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क केंद्रों पर सभी उपयोगकर्ता शुल्क का भुगतान 10 अप्रैल से केवल फास्टैग और यू.पी.आई. के माध्यम से किया जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ये जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा है कि चुनावी प्रक्रिया के कारण लागू आचार संहिता को देखते हुए तमिलनाडु, केरलम, असम और पश्चिम बंगाल के साथ–साथ केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी में यह बदलाव लागू नहीं किया गया है।

..................

महान गायिका आशा भोसले को दिल का दौरा पड़ा है। उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सा विभाग में उनका इलाज जारी है। अस्पताल के डॉ. प्रतीत

समदानी ने बताया कि उनके स्वास्थ्य की गहन निगरानी की जा रही है। देशभर से प्रशंसक उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

...............

जयपुर में 17 से 26 अप्रैल तक राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला लगेगा। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि ये मेला सहकारिता विभाग और राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ–कॉन्फेड के सहयोग से आयोजित होगा। जवाहर कला केन्द्र में लगने वाले इस मेले में राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों की सहकारी संस्थाओं के मसालों और अन्य उत्पादों की बिक्री की जायेगी।

....

...................

अलवर में पुस्तकालय को लेकर एक नवाचार किया गया है। इसके तहत पार्क में आने वाले नागरिकों और विद्यार्थियों को प्रकृति के बीच अध्ययन की सुविधा शुरू की गई है। ये लाइब्रेरी बुधविहार कॉलोनी में बनायी गयी है। जिला कलेक्टर आर्तिका शुल्का ने आमजन और संस्थाओं से इस लाईब्रेरी के लिए पुस्तकें दान करने की अपील की है।

.....

...................

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में सवाईमाधोपुर, **पाली, हनुमानगढ़** में संविधान को जाने ऑनलाईन क्विज़ प्रतियोगिता रखी गई है। वहीं सामाजिक समरसता कार्यक्रम के तहत बाबा साहेब के दर्शन पर आधारित संगोष्ठी कार्यक्रम होंगे। साथ ही विभिन्न छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों में डॉ. अम्बेडकर के जीवन पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया जायेगा। उधर बाडमेर में भी आज विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है।

...................

प्रदेश में गर्मी का असर बढने लगा है और धीरे धीरे दिन गर्म होने लगे है। कल बाडमेर और कोटा में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंच गया। वहीं 16 स्थानों पर 36 डिग्री के पार दर्ज किया गया। अधिकतर स्थानों पर तापमान में 2 से 5 डिग्री का उछाल आया हैं। कोटा में दिन का तापमान 5 डिग्री और जयपुर में 4 डिग्री बढा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2–3 दिनों में तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस बढने के आसार है।

..................

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने करौली जिले के हिंडोन सिटी में अंतानगर पालिका के सहायक अभियंता की तलाशी में नकदी जब्त की है। उनके कब्जे से 3 लाख 70 हजार रूपये बरामद किये गये। आरोपी के पास अधिशाषी अधिकारी का भी अतिरिक्त कार्यभार है। एसीबी मामले की जांच कर रही है। उधर हनुमानगढ में पुलिस की ओर से चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा पकडा गया। टाउन पुलिस की इस कार्यवाही में मौके से सवा 14 लाख रूपये की नकदी बरामद की गई और 9 मोबाईल तथा लेपटॉप सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

...................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 अप्रैल को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133 वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 24 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे।

........................